कार्यालय नजारत न्यायाधी ।ता देवरिया
नीलामी–सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि संयुक्त निबन्धक (न्यायिक) (बजट) माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या–8122 /एडमिन (B-II) अनुभाग इलाहाबाद दिनांकित 29.04.2019 के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश देवरिया के आवास पर खड़ी अम्बेसडर कार संख्या–यू0पी052डी/3333 के नीलामी दिनांक 31.05.2019 को 1.30 बजे दिन में दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दस–कक्षीय भवन के सभागार–कक्ष में सम्पन्न होगी।

नीलामी में सम्मिलित होनें वाले व्यक्ति द्वारा मु0 5,000/–रूपये (पांच हजार रूपये मात्र) जमानत के तौर पर जमा करना होगा। नीलामी मान्य होनें पर नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि एक मुश्त तत्काल कार्यालय नजारत जजी देवरिया में जमा करना होगा। नीलामी की अंतिम बोली का निर्णय माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय देवरिया द्वारा होगा। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) देवरिया द्वारा संदर्भित अम्बेसडर कार का अनुसूचित मूल्य मु0 54,500/–रूपये तय किया गया है। अतः सरकारी बोली मूल्य मु0 54,500/–रूपये तय किया जाता है।

संदर्भित कार के निरीक्षण के सम्बंध में किसी भी कार्य दिवस को पूर्वान्ह 11.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य कार्यालय नजारत जजी देवरिया से सम्पर्क किया जा सकता है।

दिनांक/देवरिया
मई 08, 2019

(देवेन्द्र सिंह–प्रथम)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश,
देवरिया।

प्रतिलिपिः–प्रचार प्रसार हेतु निम्नलिखित सूचना पट्ट पर लगाया जाये एवं सम्बंधित को सूचनार्थ प्रेषित की जाये।

1–दीवानी न्यायालय देवरिया के सूचना पट्ट हेतु
2–जिलाधिकारी देवरिया के सूचना पट्ट हेतु
3–नगरपालिका परिषद देवरिया के सूचना पट्ट हेतु
4–जिला परिषद देवरिया के सूचना पट्ट हेतु
5–पड़ोसी जनपद गोरखपुर एवं कुशीनगर के सार्वजनिक स्थलों हेतु
6–माननीय उच्च न्यायालय के वेवसाईट हेतु
7–माननीय जनपद न्यायाधीश के वेवसाईट हेतु
8–स्थानीय समाचार–पत्र में प्रकाशनार्थ हेतु
9–जिलाधिकारी देवरिया को सूचनार्थ हेतु
10–सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी देवरिया को सूचनार्थ हेतु
11–डिपो प्रबन्धक उ0प्र0रा0स0प0निगम, कार्यशाला, देवरिया हेतु
12–जिला सूचना अधिकारी देवरिया को निःशुल्क प्रकाशनार्थ हेतु

08/05/19

दिनांक/देवरिया
मई 08, 2019

(देवेन्द्र सिंह–प्रथम)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश,
देवरिया।